12 हजार नर्स समेत 46 हजार नयी नियुक्तियां जल्द

स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता, पटना

स्वास्थ्य विभाग में बहुत जल्द 46 हजार नयी नियुक्तियां होंगी. इसमें 12 हजार नर्सों की भी बहाली शामिल है. इसका मकसद टीकाकरण का 95% आच्छादन सुनिश्चित करना है. इसके लिए राज्य के विभिन्न प्रखंडों में जल्द एक हजार अतिरिक्त टीकाकरण कॉर्नर खोलने की योजना है. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने यह बातें रविवार को प्रत्येक प्रखंडों के चिह्नित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर बने एक हजार नये टीकाकरण कॉर्नर का उद्घाटन करने के बाद कहीं. इसका आयोजन पटना स्थित फुलवारी शरीफ के कुरकुरी प्रखंड हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से वर्चुअल माध्यम से किया गया. मंत्री ने कहा कि राज्य के 38 जिलों के प्रत्येक प्रखंड के दो-दो चिह्नित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नये टीकाकरण कॉर्नर बनाये गये हैं. सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को इन सेंटरों पर नियमित टीकाकरण होंगे. नियमित टीकाकरण जानलेवा संक्रामक बीमारियों के नियंत्रण और उन्मूलन करने में सहायता करता है. हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र पर टीकाकरण के साथ -साथ 12 प्रकार की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं भी दी जा रही हैं. राज्य में पर्याप्त मात्रा में टीके उपलब्ध हैं और हर केंद्र पर प्रशिक्षित चिकित्साकर्मी भी मौजूद हैं.



राज्य में शीघ्र खुलेंगे एक हजार अतिरिक्त नये टीकाकरण केंद्र